Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 08-05-2007

Participants : Singh Shri Ganesh

an>

Title: Regarding dacoity and misbehaviour with women passengers on the Allahabad – Itarsi railway route.

श्री गणेश सिंह (सतना):माननीय सभापति महोदय, मैं एक महत्वपूर्ण मुद्दे को आपके माध्यम से सदन में रख रहा हूं। इलाहाबाद से इटारसी के बीच यात्री गाड़ियों में आए दिन लूट, डकैती तथा महिला यात्रियों के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में ऐसी कई घटनाएं घटित हुई हैं। इस रेल मार्ग पर चलने वाले यात्रियों में डर और दहशत का माहौल बना हुआ है। हमने रेल मंत्रालय का ध्यान कई बार इस ओर आकर्ति कराया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि ये यह बताएं कि हाल ही में इस रेल मार्ग पर ऐसी कितनी घटनाओं को नोटिस में लिया गया है तथा उन पर क्या कार्रवाई की गयी है। साथ ही पिछले तीन वर्ों में ऐसी कितनी घटनाएं हुई है, इस तथ्य से देश को अवगत कराने की कृपा करें।